भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. +971
सोमवार, 26 जुलाई, 2021/4 श्रावण, 1943 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

महाराष्ट्र के लिए पर्यटन परियोजनाएं

+971. श्री सुनील बाबूराव मेंढे:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) चालू वर्ष सहित गत दो वर्षों के दौरान महाराष्ट्र में अनुमोदित, स्वीकृत और निष्पादित की गई पर्यटन के विकास की परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ख) अब तक पूरी की गई पर्यटन परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है और शेष परियोजनाओं के कब तक पूरा होने की संभावना है;

(ग) लंबित परियोजनाओं को पूरा करने में विलंब के क्या कारण हैं;

(घ) उक्त अवधि के दौरान राज्य में पर्यटन क्षेत्र के विकास के लिए आवंटित, जारी और उपयोग की गई निधियों का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है; और

(ङ.) क्या महाराष्ट्र राज्य सरकार ने सरकार को कोई प्रस्ताव सौंपा है और यदि हां,तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा महाराष्ट्र में चल रही परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) से (ङ.): पर्यटन का विकास और संवर्धन प्रमुख रूप से राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन की जिम्मेदारी है। तथापि, पर्यटन मंत्रालय 'स्वदेश दर्शन' और 'तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान पर राष्ट्रीय मिशन (प्रशाद)' की अपनी योजनाओं के तहत राज्य सरकारों/केंद्र शासित प्रदेश (यूटी) प्रशासनों/केंद्रीय एजेंसियों को देश में पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता है। परियोजनाओं को निधियों की उपलब्धता, उपयुक्त विस्तृत परियोजना रिपोर्टों की प्रस्तुति, योजना दिशानिर्देशों के अनुपालन और पहले जारी की गई निधियों के उपयोग आदि की शर्त पर स्वीकृत किया जाता है।

महाराष्ट्र में स्वीकृत परियोजनाएं कार्यान्वयन/पूर्ण होने के विभिन्न चरणों में हैं।

पर्यटन मंत्रालय ने महाराष्ट्र सहित सभी राज्य सरकारों को सूचित किया है कि स्वदेश दर्शन योजना के तहत विचार के लिए उनके द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों को वापस कर दिया गया माना जाता है क्योंकि अभी योजना की समीक्षा की जा रही है।

'स्वदेश दर्शन' और 'प्रशाद' योजनाओं के तहत महाराष्ट्र में स्वीकृत परियोजनाओं, जारी की गई राशि और अब तक उपयोग की गई राशि का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है ।

*****

अनुबंध

महाराष्ट्र के लिए पर्यटन **परियोजनाएं** के संबंध में दिनांक 26.07.2021 के लोक सभा के लिखित प्रश्न सं. +**971** के भाग (क) से (ङ) के उत्तर में **विवरण**

स्वदेश दर्शन और प्रशाद योजनाओं के तहत महाराष्ट्र में स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण।

(राशि करोड़ रु. में)

क्र. सं.	**परिपथ**	**स्वीकृति वर्ष**	**परियोजना का नाम**	**स्वीकृत राशि**	**निर्मुक्त राशि**	**उपयोग की गई राशि**
स्वदेश दर्शन						
1.	तटीय परिपथ	2015-16	सिंधुदुर्ग तटीय परिपथ का विकास (शिरोडा बीच, सागरेश्वर, तारकरली, विजयदुर्ग (समुद्र तट और खाड़ी), देवगढ़ (किला और समुद्र तट), मितभाव, टोंडावली, मोसेहमद और निवटी किला)	19.01	16.43	14.85
2.	आध्यात्मिक परिपथ	2018-19	वाकी-अदासा-धापेवाड़ा- पारडसिंगा-छोटा ताज बाग- तेलनखंडी -गिराड का विकास	54.01	24.00	13.03
प्रशाद						
3.	2017-18		त्र्यंबकेश्वर का विकास	37.81	8.49	8.49

*****